AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कला संकाय से निकले डॉक्टर तो 20 गुना बढ़ गए दाखिले

लविवि : ओरिएंटल अरेबिक एंड पर्शियन विभाग में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या सात से बढ़कर हुई 143

सचिन त्रिपाठी

लखनऊ। डॉक्टरी में दाखिला पाने के लिए विज्ञान की पढ़ाई अनिवार्य है, पर लखनऊ विवि के कला संकाय में एक विभाग ऐसा भी है जिसकी डिग्री पाकर विद्यार्थियों का बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी में दाखिला हो जाता है। प्राथमिक पढ़ाई मदरसे से करने वाले इन विद्यार्थियों में सात का चयन तीन साल में विभाग की डिग्री के आधार पर इस पाठ्यक्रम के लिए हो चुका है। इसका परिणाम यह हुआ कि तीन साल में दाखिलों की संख्या सात से बढ़कर 143 हो गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के ओरिएंटल अरेबिक एंड पर्शियन विभाग के डॉ. सुबान आलम ने बताया कि यह विभाग असल में दो भागों में बंटा हुआ है। पहले भाग में ओरिएंट अरेबिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई होती है तो दूसरे में ओरिएंटल पर्शियन की। विवि में वैसे तो सभी पाठ्यक्रम डिग्री स्तर के होते हैं। उनमें दाखिले की न्यूनतम अर्हता इंटरमीडिएट है, लेकिन ओरिएंट पाठ्यक्रम 10वीं और 12वीं के समान औपचारिक प्रमाणपत्र देने के लिए संचालित होते हैं। लविवि की स्थापना के समय भूमि हस्तांतरण की शर्त में स्पष्ट किया गया था कि भले ही ये डिग्री पाठ्यक्रम न हों पर प्राच्य संस्कृत और ओरिएंट अरेबिक एंड पर्शियन विभागों को कभी बंद नहीं किया जाएगा। इस समय ओरिएंट अरेबिक में आलिम, फाजिल-ए-अदब, फाजिल-ए-तफसीर सुन्नी, फाजिल-ए-तफसीर सुन्नी तथा पर्शियन में दाबिर-ए-माहिर, दाबिर-ए-कामिल पाठ्यक्रमों का संचालन हो रहा है। इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए न्यूनतम अर्हता नहीं है। कोई भी विद्यार्थी जो बुनियादी ज्ञान रखता हो, दाखिला ले सकता है। इसी वजह से मदरसे में पढ़ने वाले बच्चे औपचारिक डिग्री के लिए ओरिएंट अरेबिक एंड पर्शियन में दाखिला लेते हैं।

■ ***मदरसा छात्रों के लिए यूनानी चिकित्सा में आरक्षित हैं सीटें :*** डॉ. सुबान ने बताया कि मदरसे के विद्यार्थियों के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विवि और जामिया हमदर्द समेत कई संस्थानों में बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी में हर साल कुछ सीट आरक्षित होती हैं। इसके लिए वे अलग से प्रवेश परीक्षा कराते हैं। चयन पर पहले एक साल उनको बायोलॉजी की पढ़ाई कराई जाती है। इसके बाद उनको नीट के माध्यम से दाखिला पाने वाले विद्यार्थियों के साथ बीयूएमएस की पढ़ाई कराई जाती है।

■ ***सिर्फ भारत में संभव है विदेशी विधा को उसी के नाम से संरक्षण :*** डॉ. सुबान आलम के अनुसार, यह भारतीय संस्कृति और परंपरा में ही संभव है कि चिकित्सा की विदेशी विधा का संरक्षण और संवर्धन उसी के नाम से किया जाए। यूनानी चिकित्सा पद्धति का जन्म भले ही यूनान में हुआ है पर अब वहां भी यह चिकित्सा पद्धति लुप्तप्राय है। दूसरी ओर भारत ने न सिर्फ यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई जारी रखी बल्कि पिछले कुछ समय से इसे काफी बढ़ावा भी दिया जा रहा है।

इनका हुआ है चयन

नाम- संस्थान जहां चयन हुआ
उजेर अहमद- अलीगढ़ मुस्लिम विवि
मुर्सलीन- जामिया हमदर्द
हसन अहमद- अलीगढ़ मुस्लिम विवि
अजहर अमीन अंसारी-जामिया हमदर्द
फजलुर रहमान- जामिया हमदर्द
दानिश इरफान-अलीगढ़ मुस्लिम विवि
बिलाल अहमद- जामिया हमदर्द

अन्य पाठ्यक्रमों के लिए नजीर

विवि के ओरिएंटल अरेबिक विभाग में दाखिले में आई तेजी जहां पर दाखिलों की संख्या बेहद कम रहती है। डॉ. सुबान आलम के प्रयासों से विद्यार्थियों के लिए नए रास्ते खुले हैं। अन्य विभागों को भी प्रयास करने चाहिए।
- डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लविवि

लविवि : यूजी और पीजी के परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के कई परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार, होली व अन्य अवकाश की वजह से परीक्षा में बदलाव करना पड़ रहा है। जिस समय परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया था, उस समय अवकाश की स्थिति स्पष्ट नहीं थी। अब नया कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट से परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

■ ***बीएड की परीक्षा 27 से :*** लखनऊ विवि में बीएड की परीक्षाएं 27 मार्च से शुरू होंगी।

विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है विस्तृत कार्यक्रम

प्रो. अमिता ऑनलाइन शिक्षा की नोडल अधिकारी नियुक्त

लखनऊ। लविवि के शिक्षा विभाग की प्रो. अमिता बाजपेई को ऑनलाइन शिक्षा का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें यह जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रदान की है। कुलसचिव संजय मेधावी ने सोमवार को पत्र जारी कर इस बारे में जानकारी दी। कुलसचिव की ओर से जारी पत्र के मुताबिक, प्रो. अमिता अग्रिम आदेशों तक अपने मूल पद के साथ नोडल अधिकारी पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा केंद्रों की घोषणा पहले ही जारी की जा चुकी है।

एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा संपन्न

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में पीएचडी की 1231 सीटों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा सोमवार संपन्न हो गई। प्रवेश परीक्षा के दूसरे और अंतिम दिन पंजीकृत 4225 अभ्यर्थियों में से 3271 ने परीक्षा दी और 854 गैरहाजिर रहे। 22.58 फीसदी छात्र गैरहाजिर रहे।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा दो पालियों में न्यू कैंपस व मुख्य परिसर में हुईं। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर जायजा लिया। अंतिम दिन संस्कृत, फ्रेंच, जियोलॉजी, इकोनॉमिक्स,लॉ, एआईएच, फाइन आर्टस,एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन, फिलॉसिफी, गणित, समाज कार्य, लोक प्रशासन, डिफेंस स्टडीज, बॉटनी, हिंदी, फिजिकोलॉजी, एमआईएच व कॉमर्स विषय की प्रवेश परीक्षा हुई। विवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न करा ली गई है। जल्द ही परिणाम भी जारी किया जाएगा।

■ ***मोबाइल व अन्य सामान रखने में आई दिक्कतें :*** प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल व अन्य सामान को रखने की व्यवस्था न होने के कारण परीक्षार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र पर परीक्षा कक्ष स्पष्ट न होने के कारण भी भटकना पड़ा। विवि प्रशासन के कर्मचारियों ने उनकी समस्या का समाधान किया।

कर्मठ महिलाओं का किया सम्मान

लखनऊ। लविवि के जंतु विज्ञान विभाग में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. सेराजुद्दीन ने उद्यमी महिलाओं को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। प्रतिभा सिंह, अंजलि सिंह व सुषमा आदि मौजूद रहीं। वहीं लविवि के निवेदिता छात्रावास में सोमवार को महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। लविवि की प्रथम महिला संगीता राय ने कहा कि देश की आधी आबादी के तौर पर महिलाएं प्रत्येक कार्य में बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका दर्ज करा रही हैं। संयोजक प्रो. अमिता कनौजिया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन व मोहिनी गौतम आदि मौजूद रहीं। उधर राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के एनएसएसओ भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपमहानिदेशक रजनीश माथुर ने महिलाओं की उपलब्धियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में अनिल पांडेय, आशीष सहाय, शिवानी सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

महिला उद्यमियों और शिक्षकों को ने पहनाई पगड़ी

लखनऊ। एलयू के जन्तु विज्ञान विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभाग की महिला शिक्षकों व उद्यमी महिलाओं को सम्मानित किया गया। सुरखाब आर्ट क्लब की सुषमा, लगन उद्यमी महिला उद्योग की प्रतिभा सिंह व जूट गिल्ड आर्गेनाइजेशन की अंजली सिंह को विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम सिराजउद्दीन एवं अन्य शिक्षकों ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। यहां प्रो. मो. सिराजउद्दीन ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सर्वप्रथम एक सदी पहले 1911 में जर्मनी, डेनमार्क, स्वीट्जरलैण्ड एवं ऑस्ट्रिया ने मनाया था। इसके बाद 1996 में यूनाइटेड नेशन्स ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता दी थी और केन्द्रीय भारत सरकार ने 2001 में महिला सशक्तिकरण की नीति बनाई थी।

JAGRAN CITY PAGE IV

लवि : बीए, बीएससी सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम बदला

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए और बीएससी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के संचालन के बीच डेटशीट में बदलाव कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व में परीक्षा तिथि तय करते समय विश्वविद्यालय ने छुट्टियों की सूची जारी नहीं की थी। अब सूची आने के बाद पता चला कि कई विषयों की परीक्षाएं अवकाश के दिन हैं। इसलिए बदलाव करके सोमवार को संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया। साथ ही को-करिकुलर विषय की परीक्षा का समय भी तय कर दिया है। छात्र-छात्राएं वेबसाइट से नई डेटशीट डाउनलोड कर सकते हैं।

इन तिथियों में हुआ बदलाव: बीए प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) : 27 मार्च को-करिकुलर विषयों की परीक्षा सुबह नौ से 10.30 बजे तक होगी। 30 मार्च की परीक्षा 31 मार्च को होगी। 31 मार्च की परीक्षा एक अप्रैल को होगी। वहीं, एक अप्रैल की परीक्षा तीन अप्रैल को होगी।

बीए तीसरे सेमेस्टर एनईपी : 28 मार्च को को-करिकुलर विषयों की परीक्षा दोपहर दो से 3.30 बजे तक होगी। 30 मार्च की परीक्षा अब 31 मार्च को होगी। 31 मार्च की परीक्षा एक अप्रैल को होगी। एक अप्रैल की परीक्षा तीन अप्रैल को होगी।

बीए पांचवें सेमेस्टर : 30 मार्च वाली जाग्रफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन द्वितीय पेपर की परीक्षा अब 31 मार्च को होगी। 31 मार्च की परीक्षा एक अप्रैल को होगी। एक अप्रैल को प्रस्तावित परीक्षा अब तीन अप्रैल को होगी। वहीं, तीन अप्रैल की परीक्षा पांच अप्रैल को होगी। चार अप्रैल की परीक्षा छह अप्रैल को होगी। पांच अप्रैल को होने वाली परीक्षा आठ अप्रैल को, छह अप्रैल की की परीक्षा 10 अप्रैल और सात अप्रैल की परीक्षा 11 अप्रैल को होगी।

बीएससी प्रथम सेमेस्टर एनईपी : 18 मार्च को को-करिकुलर की परीक्षा सुबह 9 से 10.30 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर कोकरिकुलर की परीक्षा 16 मार्च को दोपहर दो से 3.30 बजे तक होगी। 31 मार्च की परीक्षा एक अप्रैल और तीन अप्रैल वाली परीक्षा पांच अप्रैल को होगी।

बीएड सेमेस्टर परीक्षाएं 27 से, डेट शीट जारी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को बीएड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की डेट शीट जारी कर दी। इसके प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 मार्च से शुरू होंगी। इसके अलावा पीजी के कई और विषयों का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया है। छात्र-छात्राएं इसका विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

लवि ने बीएड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए चार फरवरी को प्रस्तावित केंद्रों की सूची जारी की थी। लेकिन डेटशीट न जारी होने के बाद छात्र-छात्राएं परेशान थे। उन्होंने जल्द परीक्षा कार्यक्रम घोषित करने की मांग की थी। दैनिक जागरण ने दो मार्च के अंक में छात्रों की समस्या प्रकाशित भी की थी। बीते पांच मार्च को बीएड विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए 61 केंद्रों पर करीब 177 कालेजों के छात्र-छात्राएं आवंटित किए गए थे।

AMRIT VICHAR PAGE 6

महिला दिवस के साथ मनाया होली उत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय समेत सभी महाविद्यालयों में सोमवार को होली के उत्सव के साथ महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया गया वहीं महिलाओं ने होली का उत्सव भी मनाया।

लविवि के जंतु विज्ञान विभाग में महिला दिवस व होली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें, विभाग की महिला शिक्षकों व सुरखाब आर्ट क्लब, लगन उद्यमी महिला उद्योग और जूट गिल्ड आर्गेनाइजेशन की उद्यमी महिलाओं को विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम सिराजउद्दीन ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं होली उत्सव भी मनाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मो. सिराजउद्दीन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास को बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सर्वप्रथम एक सदी पहले 1911 में जर्मनी, डेनमार्क, स्वीटजर लैण्ड एवं ऑस्ट्रिया ने मनाया था। इसके बाद 1996 में यूनाइटेड नेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता दी। जबकि भारत सरकार ने 2001 में महिला सशक्तिकरण की नीति बनाई।

लविवि में पगड़ी पहना कर सम्मानित की गईं महिलाएं। अमृत विचार

छात्रावास में भी हुए आयोजन

लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता महिला छात्रावास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त विभाग एवं महिला छात्रावासों के महिला कर्मचारियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रथम महिला संगीता राय ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन और अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संयोजक प्रो. अमिता कनौजिया और डॉ. मोहिनी गौतम रही।

854 छात्रों ने छोड़ी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 2022-23 सोमवार को भी दो पालियों में संपन्न कराई गई। दूसरे दिन भी 5079 छात्रों को परीक्षा देनी थीं, जिसमें से 854 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी, अनुपस्थित रहे। बाकी विभिन्न विषयों के लिए 4225 छात्र व छात्राओं ने पीएचडी की परीक्षा दी है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक दो दिवसीय पीएचडी प्रवेश परीक्षा सोमवार को संपन्न करा ली गई। दूसरे दिन पहली पाली में सुबह 1844 छात्र व छात्राओं ने परीक्षा दी जबकि 390 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली शाम को 2381 छात्र व छात्राओं ने पीएचडी की परीक्षा दी, बाकी 464 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी, अनुपस्थित रहे। इस दौरान लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय ने परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते हुए नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई। डॉ. दुर्गेश ने बताया कि रविवार लविवि के पीएचडी कार्यक्रम 2022-23 के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसे सोमवार को संपन्न करा लिया गया। यह परीक्षा सुबह व शाम की दो पालियों में आयोजित कराई गई।

लविवि

- दूसरे दिन 4225 छात्रों ने दी परीक्षा
- नकल विहीन परीक्षा के लिए कड़े इंतजाम

VoL PAGE 6

महिला कर्मियों को संगीता राय ने सम्मानित किया

वरिष्ठ संवाददाता (VOI)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता महिला छात्रावास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त विभाग एवं महिला छात्रावासों के महिला कर्मचारियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रथम महिला संगीता राय ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन एवं अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं सयोजक प्रो. अमिता कनौजिया एवं डॉ. मोहिनी गौतम रही। सभी महिला कर्मचारियों ने हर्षोउल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

लविवि में महिला शिक्षकों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: लखनऊ विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग में एआई सीएपी-पीसी-आरपी, आईडब्ल्यूएस, एलयू के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सोमवार को हुआ। जिसमें विभाग की महिला शिक्षकों एवं उद्यमी महिलाओं सुषमा (सुरखाब आर्ट क्लब), प्रतिभा सिंह (लगन उद्यमी महिला उद्योग) एवं अंजली सिंह (जूट गिल्ड आर्गेनाइजेशन) को विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम सिराजउद्दीन एवं अन्य शिक्षकों नें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया एवं महिलाओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मो. सिराजउद्दीन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास को बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सर्वप्रथम एक सदी पहले 1911 में जर्मनी, डेनमार्क, स्वीटजरलैंड एवं ऑस्ट्रिया ने मनाया था। इसके बाद 1996 में यूनाइटेड नेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता दी थी तथा केंद्रीय भारत सरकार ने 2001 में महिला सशक्तिकरण की नीति बनायी थी।